संपादकीय

# हंगर बनाम हेडलाइन

भारत सरकार का नजरिया यही रहा है कि आईने खराब हो चुके हैं। उनमें भारत की तस्वीर खराब नजर आती है, तो दोष आईऩों का है- भारत की असली सूरत तो असल में निखरती चली गई है।

भारत ने ताजा ग्लोबल हंगर इंडेक्स पर कड़ी प्रतिक्रिया जताई है। उसने ना सिर्फ इसे तैयार करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं, बल्कि इसे भारत को बदनाम करने की कोशिशों का हिस्सा बताया है। भारत सरकार ने कहा है कि ऐसी रिपोर्टों के जरिए दुनिया में यह धारणा बनाने की कोशिश की जा रही है कि भारत अपनी पूरी आबादी को पोषक भोजन देने में भी नाकाम है। यह बात सच है कि इस इंडेक्स से ऐसी धारणा बनती है। या अगर हाल के वर्षों में इस सूचकांक पर भारत का जो हाल दिखा है, उसके आधार पर यह भी कहा जा सकता है कि इससे यह धारणा और पुख्ता होती गई है। बल्कि न सिर्फ हंगर इंडेक्स, बल्कि विकास के तमाम जारी होने वाले सूचकांकों पर यही तस्वीर दिखती है। उन सबको लेकर मोटे तौर पर भारत सरकार का नजरिया यही रहा कि ऐसे आईने खराब हो चुके हैं। उनमें भारत की तस्वीर खराब नजर आती है, तो दोष आईऩों का है- भारत की असली सूरत तो असल में निखरती गई है। ये वो हेडलाइन है, जिसे अपने घरेलू समर्थक वर्ग में मौजूदा सत्ताधारी समूह ने प्रचारित किया है।

सत्ताधारी दल को यह मालूम है कि उसकी असली राजनीतिक पूंजी ऐसी ही हेडलाइन्स हैं, जो उसके समर्थक तबकों भारतीय चेहरे को ऐसे मेकअप के साथ पेश करते हैं, जिनसे उनमें यह भरोसा बना हुआ है कि भारत 'विश्व गुरु' बनने की राह पर है। इसलिए भारत सरकार की कड़ी प्रतिक्रिया ना तो अनपेक्षित और ना ही अस्वाभाविक है। बहरहाल, यह सवाल विचारणीय है कि आखिर दुनिया की तमाम संस्थाओं को अब भारत से क्या दुश्मनी हो गई है कि वे भारत को बदनाम करने की किसी साझा कोशिश का हिस्सा बन जाएंगी? बहरहाल, जहां तक भूख का सवाल है- जिसका संकेत कुपोषण को माना जात है- तो यह तो खुद भारत सरकार के नवंबर 2020 में पांचवें फैमिली हेल्थ सर्वे की पहली रिपोर्ट से जाहिर हुआ था कि आजादी के बाद पहली बार देश में कुपोषण ग्रस्त बच्चों की संख्या बढ़ी है। इसलिए सरकार को सोचना चाहिए कि मुमकिन है कि आईना खराब ना हुआ- बल्कि खुद देश की सूरत ही बिगड़ रही हो।

# एनएचपीसी ने साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र का आयोजन किया




**फरीदाबाद।** एनएचपीसी, भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मना रही है। इस संबंध में वाई.के. चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी की गरिमामयी उपस्थिति में साइबर सुरक्षा पर विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। मेजर जनरल मंजीत सिंह, सेना मेडल, संयुक्त सचिव (साइबर), राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय (एनएससीएस) ने सत्र को संबोधित किया। इस अवसर पर आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी और बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं), एनएचपीसी सहित एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एनएचपीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं के प्रमुखों और एनएचपीसी के अन्य अधिकारियों ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सत्र में भाग लिया।

इस अवसर पर बोलते हुए वाई.के. चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने महत्वपूर्ण विद्युत उत्पादन उपकरणों की सुरक्षा के लिए उभरती साइबर चुनौतियों के प्रति अधिक सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया, जो राष्ट्र की एक महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना भी हैं।

सत्र के दौरान, मेजर जनरल मंजीत सिंह ने साइबर स्पेस को सुरक्षित रखने में उभरती चुनौतियों और सॉवरेन साइबर स्पेस की सुरक्षा में भारत सरकार की विभिन्न पहलों पर जोर दिया। उन्होंने चौबीसों घंटे बिजली उत्पादन के लिए एनएचपीसी पावर स्टेशनों, संगठन में साइबर सुरक्षा की स्थिति को मजबूत करने के लिए एनएचपीसी द्वारा उठाए गए विभिन्न उपायों और हाइड्रो यूटिलिटीज में साइबर सुरक्षा उपायों को लागू करने में सीईआरटी-हाइड्रो के रूप में एनएचपीसी द्वारा निभाई जा रही प्रमुख भूमिका की सराहना की।।

आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त) ने कहा कि साइबर सुरक्षा की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं और साइबर सुरक्षा उल्लंघन से बचने के लिए हमें अपने काम में सबसे अधिक सतर्क रहना चाहिए।

बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने हाल के कुछ साइबर हमलों के बारे में बताते हुए उल्लेख किया कि साइबर हमले से देश की व्यावसायिक गतिविधि में व्यवधान से लाखों का नुकसान हो रहा है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि आईटी और ओटी बुनियादी ढांचे की साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

## स्पाइसजेट ने की कैप्टन की तनख्वाह बढ़ाकर सात लाख रुपए प्रति महीना



**नई दिल्ली ।** स्पाइजेट ने कैप्टन की तनख्वाह में बढ़ोतरी कर 80 घंटे की विमान यात्रा के लिए सात लाख रुपये प्रति महीना कर दिया है।

स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा कि तनख्वाह में बढ़ोतरी पहली नवंबर से प्रभावी होगी।


कैप्टन के साथ प्रशिक्षक (डीई, टीआरआई, एलटीसी) और वरिष्ठ प्रथम अधिकारी के वेतन में भी इजाफा किया गया है।

स्पाइसजेट ने कहा,कंपनी लगातार पायलटों की तनख्वाह में वृद्धि कर रही है। अगस्त माह की तुलना में सितंबर में प्रशिक्षकों की तनख्वाह 10 प्रतिशत और कैप्टन एवं प्रथम अधिकारी के वेतन में आठ प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी थी जबकि अक्टूबर से कैप्टन एवं प्रथम अधिकारी के वेतन में 22 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुयी।

## ग्रीको रोमन पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने विकास

**पोंटवेंद्रा (स्पेन)।** भारत के युवा पहलवान विकास अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की ग्रीको रोमन प्रतियोगिता में देश को पदक दिलाने वाले दूसरे पहलवान बन गये हैं। विकास ने यह कीर्तिमान रचने के लिये 72 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक मैच में बुधवार को जापान के कोबायाशी डी को 6-0 से मात दी। इससे पहले साजन भानवाला मंगलवार को कांसे का तमगा जीतकर प्रतियोगिता में पदक हासिल करने वाले प्रथम भारतीय बन गये थे। उन्होंने 77 किग्रा वर्ग के कांस्य पदक मैच में यूक्रेन के दमित्रो वेसत्सकी को शिकस्त दी थी।

## पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने भनवाला



**पोंटवेद्रा (स्पेन), ।** साजन भनवाला अंडर 23 विश्व चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाले भारत के पहले ग्रीको रोमन पहलवान बन गए हैं। उन्होंने यूक्रेन के दमित्रो वेसत्स्की को कांस्य पदक के प्लेआफ में हराया। यूक्रेन के पहलवान से उतार-चढ़ाव भरा मुकाबला 10-10 पर बराबर छूटा लेकिन भनवाला ने आखिरी अंक बनाये थे तो उन्हें विजयी घोषित किया गया। इससे पहले उन्होंने लिथुआनिया के एस्तिस एल को 3-0 से हराया था लेकिन प्री क्वार्टर फाइनल में मोलदोवा के अलेक्जेंड्रिन गुटु से हार गए। गुटु के फाइनल में पहुंचने पर उन्हें रेपेचेज के जरिये फिर से पदक जीतने का मौका मिला।

## बेंगलुरु टेक समिट के 25वें संस्करण को लेकर रोड शो का आयोजन



**नई दिल्ली।** कर्नाटक सरकार में इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री सी एन अश्वथ नारायण ने कहा कि बेंगलुरु टेक समिट प्रयासों को कामयाबी में बदलने की दिशा प्रदान करता है। तकनीक केवल उच्च आय वाले वर्ग के लिए नहीं है यह तो समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े युवक तक पहुंचने के लिए है।

श्री नारायण की अगुवाई में राजधानी में बेंगलुरु टेक समिट (बीटीएस) 2022 के 25 वें संस्करण के तहत एक रोड शो आयोजन हुआ। सम्मेलन का आयोजन बैंगलोर पैलेस में 16-18 नवंबर के बीच होगा जिसका विषय 'टेक्नोलॉजी फॉर नेक्स्ट जनरेशन' है।

श्री नारायण ने कहा, बीटीएस उद्योग, अनुसंधान एवं विकास और स्टार्टअप के सबसे बड़े समूह को आकर्षित करने वाला देश का वैश्विक तकनीकी कार्यक्रम बन गया है। हम देश के सभी राज्यों और इनोवेशन क्लस्टर्स को इस आयोजन में भाग लेने और इसका लाभ उठाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

इस वर्ष बीटीएस 2022 में आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स, डीप टेक, स्टार्ट-अप्स और बायोटेक और ग्लोबल इनोवेशन एलायंस पर मल्टी-ट्रैक सम्मेलन शामिल होगा जिसमें 16 से अधिक देशों के साथ-साथ इंडिया यूएसए टेक कॉन्क्लेव शामिल होंगे। इसमें 30 से अधिक देशों के 350 से अधिक विशेषज्ञ 70 से अधिक सत्रों को संबोधित करेंगे। इसमें 50,000 से अधिक आंगतुकों के आने की संभावना है।

बीटीएस नवाचार को प्रदर्शित करने के लिए स्टार्ट-अप और यूनिकॉर्न का सबसे बड़ा जमावड़ा होगा। सम्मेलन में इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, डीप टेक, बायोटेक के साथ-साथ अन्य फ्यूचरिस्टिक तकनीकों जैसे कि वेब 3.0, मेटावर्स, एनएफटी जैसे विषयों को केंद्र में रखा जाएगा।

# कोहली आपको सिखा सकते हैं कि दबाव की स्थितियों से कैसे निपटना है: पंत



**मेलबर्न।** स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत का कहना है कि विराट कोहली का अपार अनुभव दबाव की स्थिति से निपटने में मदद करता है।

पंत ने साथ ही उम्मीद जताई कि वे पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप के टीम के पहले मैच में पूर्व कप्तान कोहली के साथ अपनी बल्लेबाजी साझेदारी फिर बना पाएंगे।

टी20 विश्व कप की वेबसाइट ने पंत के हवाले से कहा, वह (कोहली) वास्तव में आपको सिखा सकते हैं कि परिस्थितियों से कैसे निपटना है जिससे भविष्य में आपको अपने क्रिकेट सफर में मदद मिल सकती है। इसलिए उनके साथ बल्लेबाजी करना हमेशा की तरह अच्छा है।

उन्होंने कहा, बहुत अनुभव रखने वाले व्यक्ति का आपके साथ बल्लेबाजी करना अच्छा है क्योंकि वह आपको खेल को आगे बढ़ाने और प्रत्येक गेंद में एक रन के साथ दबाव को बनाए रखने के तरीके के बारे में बता सकता है। मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम के नाबाद अर्धशतकों से पाकिस्तान ने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत को 10 विकेट से हरा दिया था। भारत ने सात विकेट पर 151 रन बनाए थे लेकिन पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए लक्ष्य हासिल कर लिया था।

पच्चीस साल के पंत ने 39 रन की पारी खेलने के अलावा तत्कालीन कप्तान कोहली के साथ 53 रन जोड़े थे।

पंत ने कहा, मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। हम सिर्फ रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे और हमने साझेदारी की थी- मैंने और विराट ने।

इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा, हम रन गति बढ़ा रहे थे और मैंने उसे एक हाथ से दो छक्के मारे... मेरा विशेष शॉट।

चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खेलने के अनुभव के बारे में पंत ने कहा, पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हमेशा विशेष होता है क्योंकि उस मैच के आसपास हमेशा की तरह एक विशेष तरह की हाइप होती है।

## रमिता बनी 10 मीटर एयर राइफल जूनियर महिला विश्व चैंपियन



**काहिरा।** भारतीय निशानेबाज रमिता ने बुधवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में चीन की यिंग शेन को एक करीबी मुकाबले में 16-12 से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के सातवें दिन का आकर्षण भारत के लिए रमिता का स्वर्ण और महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में पहले तीन स्थान हासिल करना रहा। भारत अब इस प्रतियोगिता में 25 पदक जीत चुका है जिसमें 10 स्वर्ण, पांच रजत और 10 कांस्य पदक शामिल है।

भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर है।


रमिता फाइनल में यिंग के खिलाफ एक समय 12-12 से बराबरी पर थी लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.8 और 10.7 के स्कोर बनाकर खिताब अपने नाम किया।

क्वालिफिकेशन में रमिता 629.6 अंकों के साथ चौथे स्थान पर थी लेकिन रैंकिंग राउंड में उन्होंने 262.8 अंक बनाए और शीर्ष पर रहकर स्वर्ण पदक मैच में जगह बनाई।

इस स्पर्धा में भारत की तिलोत्तमा सेन ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने रैंकिंग राउंड में 261 अंक बनाए। इससे पहले क्वालिफिकेशन में वह 633.4 अंकों के साथ शीर्ष पर रही थी। इसी स्पर्धा में युक्ति राजेंद्र 627.1 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहीं।

महिलाओं की 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में भारतीय लड़कियों का दबदबा रहा। दिवांशी ने 547 अंक बनाकर स्वर्ण पदक जीता। वर्षा सिंह 539 अंकों के साथ दूसरे जबकि तियाना 523 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रही। इस स्पर्धा के चौथे स्थान पर भारत की खुशी कपूर रही। उन्होंने 521 अंक बनाएं। रिदम सांगवान ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में जबकि अभिनव चौधरी ने पुरुषों के 50 मीटर पिस्टल जूनियर स्पर्धा में रजत पदक जीते। विजय वीर सिद्धू ने पुरुषों के 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में कांस्य पदक हासिल किया।

## भेड़िया का ट्रेलर रिलीज, इच्छाधारी भेड़िया बने वरुण धवन



स्त्री की सफलता के बाद दिनेश विजान एक और चिर-परिचित हॉरर कॉमेडी लेकर तैयार हैं। उनकी फिल्म भेडिया लंबे समय से चर्चा में है। बीते दिनों ऋतिक रोशन की फिल्म विक्रम वेधा के साथ फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था। टीजर दर्शकों में एक सिहरन पैदा करने में कामयाब रहा था। अब फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर लोगों को डराने के साथ ही हंसाने वाला है। भेडिया 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

इस फिल्म में वरुण धवन और कृति सैनन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फिल्म में अभिषेक बनर्जी और दीपक डोबरियाल भी दिखाई देंगे। अभिषेक दिनेश की स्त्री में भी कुछ इसी अंदाज में नजर आए थे। ट्रेलर में दिखाया गया है वरुण के किरदार को एक भेडिय़ा काट लेता है। इसके बाद उनके शरीर में कुछ अजीबोगरीब बदलाव होते हैं। इन्हीं बदलावों को लेकर फिल्म में सस्पेंस और हास्य का दिलचस्प मेल बनाया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म की शूटिंग अरुणाचल प्रदेश और आसपास के जंगलों में रियल लोकेशंस पर हुई है। ट्रेलर में फिल्म के विजुअल इफेक्ट्स की झलकियां भी दिख रही हैं। इस फिल्म के व्यूजवल इफेक्ट्स पर एमपीसी (मूविंग पिक्चर कंपनी) ने काम किया है। इसी कंपनी ने 1917, द जंगल बुक, द लायन किंग, हैरी पॉटर और जस्टिस लीग जैसी फिल्मों के व्यूजवल इफेक्ट्स पर काम किया है।


## कांतारा ने हिंदी दर्शकों का भी जीता दिल, 100 करोड़ के क्लब में मारी एंट्री



ऋषभ शेट्टी की कांतारा घरेलू बॉक्स ऑफिस पर धूम मचाने के बाद अब हिंदी व अन्य भाषाओं में भी बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है. कन्नड़ भाषा में बनी फिल्म कांतारा को हिंदी समेत तमिल और तेलुगू में भी रिलीज किया जा चुका है. फिल्म हिंदी में भी शानदार कलेक्शन कर रही है और आने वाले दिनों में भी इसकी कमाई में बढ़त होने की उम्मीद है. हाल ही में बॉलीवुड की कोड नेम तिरंगा और डॉक्टर जी भी रिलीज हुई हैं, लेकिन उन दोनों के मुकाबले लोगों को कंतार की कहानी ज्यादा पसंद आई.

फिल्म कांतारा के हिंदी संस्करण ने 14 अक्टूबर को सिनेमाघरों में दस्तक दी थी और 1300 स्क्रीन की कम संख्या के बावजूद फिल्म ने शानदार शुरुआत की.

## दिवाली पर बनाएं बेसन का हलवा, स्वाद और सेहत रहेगी अच्छी



मीठा खाने शैकीन हैं तो इस दिवाली पर बेसन का हलवा जरूर बनाएं। यह बहुत कम समय में बनता है और इसे बनाना भी आसान है। बेसन में कई तरह के पोषक तत्व पाये जाते हैं, जो आपके सेहत के लिए भी लाभदायक है। आइए जानते हैं, बेसन का हलवा बनाने की रेसिपी।

**सामग्री :**

एक कप दूध, एक बाउल बेसन, चीनी-(आवश्यकतानुसार, जितना मीठा आपको पसंद हो)

एक छोटा चम्मच काजू कटा हुआ, घी-तीन बड़ा चम्मच, एक छोटा चम्मच इलाइची पाउडर।

**विधि :**

- सबसे पहले कड़ाही गर्म करें और इसमें घी डालें।
- अब बेसन को डाल कर हल्की आंच पर भून लें।
- भूनने पर जब बेसन के कलर में बदलाव आने लगे तो इसमें दूध डालें।
- दूध डालने के बाद इसे अच्छी तरह मिला लें फिर इसमें इलाइची पाउडर और कटा हुआ काजू डालें।
- अब इसमें चीनी भी डालें।
- एक कल्छी की मदद से इसे अच्छी तरह मैश कर लें।
- धीमी आंच पर लगातार चलाते हुए भूनें।
- इसे तब तक पकाएं जब तक ये गाढ़ा हो जायें।
- गढ़ा होने पर बेसन का टेस्टी हलवा तैयार है।

## शब्द सामर्थ्य- 229

**बाएं से दाएं**
1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**
1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 228 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 229

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.228का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## आज का राशिफल

**मेष :** आज आपका दिन मंगलकारी होगा। दैनिक रोजगार में प्रगति होगी। दिन अच्छा रहेगा। जीवन साथी का सहयोग मिलेगा। राजनेता हैं तो राजकाज में संघर्ष होगा। मन प्रसन्न होगा। कारोबार से लाभ होगा। आज धार्मिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृष :** दूर-समीप की यात्रा बनेगी। परिवार पर व्यय होगा। मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। दायित्व का निर्वाह होगा। राजकाज में सफलता मिलेगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग मिलेगा।

**मिथुन :** परिवार में सामंजस्य बनेगा। संतान सुख मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे। शिक्षा में प्रगति और निर्माण कार्य में बाधा आयेगी। अधिकारी से विवाद हो सकता है। धन में कठिनाई आयेगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी।

**कर्क :** शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आएगी। मानसिक तनाव अधिक होगा। व्यय अधिक होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। शारीरिक स्वास्थ्य में कमी आयेगी। मानसिक तनाव अधिक होगा।

**सिंह :** कुटुम्बजनों में प्रसन्नता रहेगी। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। मानसिक शांति मिलेगी। कार्य में विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक समस्याएं आयेंगी। पराक्रम में वृद्धि होगी। संतान का सहयोग मिलेगा। शत्रु परास्त होंगे।

**कन्या :** धन का लाभ होगा। नौकरी में उन्नति होगी। समस्या का समाधान होगा। व्यापार में विस्तार होगा। दाम्पत्य सुख की प्राप्ति होगी। दैनिक दिनचर्या अच्छी रहेगी। कार्यों में प्रगति होगी।

**तुला :** धन का लाभ होगा। कारोबार में विस्तार और लाभ होगा। संतान का सहयोग मिलेगा। धर्म कार्य सम्पन्न होंगे। पराक्रम में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक होगा।

**वृश्चिक :** कारोबार में सहयोग मिलेगा। कठिनाइयां दूर होगी। योजना का विस्तार होगा। शिक्षा पर धन खर्च होगा। धन का लाभ होगा। समस्या का समाधान होगा। परिवार की समस्या रहेगी।

**धनु :** व्यापार में लाभ होगा। शिक्षा में लाभ मिलेगा। उदर-विकार होगा। कठिन परिश्रम करना पडेगा। धन का लाभ मिलेगा। धन का लाभ मिलेगा। परिवारिक समस्याएं रहेंगी। राजकाज में संघर्ष होगा। मान-सम्मान का ध्यान रखें।

**मकर :** गुप्त शत्रु से हानि हो सकती है। मानसिक परेशानी रहेगी। उदर-विकार होगा। दैनिक रोजगार सामान्य रहेंगे। पत्नी के स्वास्थ्य में कष्ट रहेगा। दैनिक कार्य में बाधाएं आयेंगी। मानसिक अशांति रहेगी। राजकाज में विलम्ब होगा। निर्माण में प्रगति होगी।

**कुंभ :** व्यय अधिक होगा। कारोबार से आर्थिक लाभ पहले से बढेगा। राजकाज में वृद्धि होगी। शिक्षा में लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। अपव्यय रहेगा। यात्रा में कष्ट रहेगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी।

**मीन :** धन का लाभ मिलेगा। व्यापार में विस्तार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संतान सुख मिलेगा। नई योजनाएं बनेंगी। कार्य में उत्साह रहेगा। राजनीतिक लाभ मिलेगा। धन का लाभ होगा। घरेलू समस्याएं आयेंगी।